# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

कार्यपरिषद् की आकस्मिक बैठक 22.09.2023 को अपराह्न 1:00 बजे की कार्यवाही एवं सदस्यों की ऑन लाइन/ऑफ लाइन उपस्थिति–

| | | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. प्रो0 मुकेश पाण्डेय, | कुलपति/अध्यक्ष | 22/9/23 |
| 2. माननीय न्यायमूर्ति श्री एस0 सी0 वर्मा (से0नि0), | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 3. प्रोफेसर प्रेम प्रकाश सोलंकी, | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 4. सुश्री सुमन सिंह, | कुलाधिपति नामित सदस्य | Online |
| 5. श्री समीर बेन्द्रे, | कुलाधिपति नामित सदस्य | |
| 6. प्रो0 एम0 एम0 सिंह, | संकायाध्यक्ष–अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी/सदस्य | Online |
| 7. डा0 शैलजा गुप्ता, | सकायाध्यक्ष–शिक्षा/सदस्य | |
| 8. प्रो0 सी0 बी0 सिंह, | आचार्य/सदस्य | 22/09/2023 |
| 9. प्रो0 एम0 एम0 सिंह, | आचार्य/सदस्य | Online |
| 10. प्रो0 वी0 के0 सिंह, | आचार्य/सदस्य | 22.9.23 |
| 11. डा0 विनीत कुमार, | सहआचार्य/सदस्य | |
| 12. डा0 संजय निभोरिया, | सहआचार्य/सदस्य | |
| 13. डा0 नूपुर गौतम, | सह आचार्य/सदस्य | Online |
| 14. श्री नवीन चंद पटेल, | सहायक आचार्य/सदस्य | |
| 15. डा0 राजेश चन्द्र पाण्डेय, | प्राचार्य/सदस्य | |
| 16. डा0 टी0 के0 शर्मा, | प्राचार्य/सदस्य | |
| 17. डा0 एस0 के0 राय, | प्राचार्य/सदस्य | |
| 18. डा0 अभिलाष श्रीवास्तव, | प्राध्यापक/सदस्य | Online |
| 19. श्री वसी मोहम्मद, | वित्त अधिकारी | 22/09. |
| 20. श्री विनय कुमार सिंह, | कुलसचिव/सचिव | 22/09/2023 |
| 21. श्री सज्जन बहादुर | विशेष आमंत्रित सदस्य | 22/09/23 |

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

## कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक 07/2023 दिनांक 22.09.2023 की कार्यवाही

**उपस्थिति –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मुकेश पाण्डेय | कुलपति/अध्यक्ष |
| 2. | सुश्री सुमन सिंह | कुलाधिपति नामित सदस्य /ऑनलाइन |
| 3. | प्रो. एम. एम. सिंह | संकायाध्यक्ष–इंजीनियरिंग संकाय/सदस्य/ऑनलाइन |
| 4. | डा. शैलजा गुप्ता | संकायाध्यक्ष–शिक्षा संकाय/सदस्य /ऑनलाइन |
| 5. | प्रो. एम. एम. सिंह | आचार्य/सदस्य /ऑनलाइन |
| 6. | प्रो. सी. बी. सिंह | आचार्य /सदस्य |
| 7. | प्रो. वी. के. सिंह | आचार्य/सदस्य |
| 8. | डा. विनीत कुमार | सह–आचार्य/सदस्य |
| 9. | डा. संजय निबौरिया | सह– आचार्य/ सदस्य |
| 10. | डा. नूपुर गौतम | सह–आचार्य/सदस्य /ऑनलाइन |
| 11. | श्री नवीन चन्द पटेल | सहायक आचार्य/सदस्य |
| 12. | डा. राजेश चन्द्र पाण्डेय | प्राचार्य/सदस्य |
| 13. | डा. टी. के. शर्मा | प्राचार्य/सदस्य |
| 14. | डा. एस. के. राय | प्राचार्य/सदस्य |
| 15. | डा. अभिलाष श्रीवास्तव | प्राध्यापक/सदस्य /ऑनलाइन |
| 16. | श्री वसी मोहम्मद | वित्त अधिकारी |
| 17. | श्री विनय कुमार सिंह | कुलसचिव/सचिव |
| 18. | श्री राजबहादुर | परीक्षा नियंत्रक/ विशेष आमंत्रित सदस्य |

सर्वप्रथम परिषद् के समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुये बैठक प्रारम्भ हुई।

**कार्यवाही –**

1. **28वें दीक्षांत समारोह सम्बन्धी प्रगति/ कार्यवाहियॉं एवं तत्सम्बन्धी विद्या परिषद् की कार्यवाही (दिनांक 22.09.2023) के अनुमोदन पर विचार।**

कुलसचिव ने परिषद् को अवगत कराया कि राजभवन के पत्र संख्या ई–4069/32–जी.एस. /2023–XIX(Convocation) दिनांक 04.07.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह

[signature] 22/9/2023 [signature] 22/9/23



Scanned with OKEN Scanner

हेतु दिनांक 30.09.2023 माननीया कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित किये जाने की सूचना दी गई है।

उक्त दीक्षांत समारोह को पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किये जाने हेतु विभिन्न समितियाँ बनाई गई है। समितियों द्वारा किये गये कार्यों की सूचना परिषद् के समक्ष प्रस्तुत की गई। परिषद् समितियों द्वारा की गई कार्यवाही से संतुष्ट हुई।

दीक्षांत समारोह के सम्बन्ध में आहूत विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 22.09.2023 की कार्यवाही पटल पर प्रस्तुत की गई जो निम्नवत है –

**"सर्वप्रथम परिषद के सचिव द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए आगे की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।**

**1. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2022–23 के 28 वें दीक्षान्त समारोह में दिये जाने वाले पदक तथा श्रेष्ठता सूची निर्माण समिति की कृत कार्यवाही, मानद उपाधि डी.एस.सी. प्रदान किये जाने एवं शासनादेश संख्या– 2508/सत्तर–3–2023 दिनांक 05 सितम्बर, 2023 के अनुपालन में कृत कार्यवाही पर विचार।**

**निर्णयः– परिषद ने सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2022–23 के 28 वें दीक्षान्त समारोह में दिये जाने वाले पदक तथा श्रेष्ठता सूची निर्माण समिति की कृत कार्यवाही का अनुमोदन प्रदान किया। इस दीक्षान्त समारोह में कुल 81 पदक वितरित किये जायेगें, जिनमें कुलाधिपति पदक–01, कुलाधिपति रजत पदक –15 एवं कुलाधिपति कांस्य पदक–18 है। इसके अतिरिक्त विन्यासीकृत स्वर्ण पदक–43 एवं विन्यासीकृत रजत पदक –04 प्रदान किये जायेंगें। इनमें दो नवीन पदक (स्व0 प0 श्री रमेश कुमार शर्मा, निदेशक श्री वैजनाथ आयुर्वेदिक स्वर्ण पदक, एम0ए0 इतिहास में सर्वाधिक अंक के लिए, डा0 मधु श्रीवास्तव, लोककलाविद् स्वर्ण पदक, परास्नातक स्तर पर ललित कला में सर्वाधिक अंक के लिए) सम्मिलित किये गये हैं। समारोह में कुल 61854 उपाधियां एवं 100 शोध उपाधियां प्रदान की जायेंगी।**

**परिषद् इस तथ्य से अवगत हुयी कि विश्वविद्यालय परिनियम की धारा 13.01 एवं 13.02 में मानद उपाधि दिये जाने का प्रावधान है, परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राष्ट्रीय/अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान के क्षेत्र में योगदान देने वाले विभूतियों का मानद उपाधि प्रदान की जाय। इस कम में परिषद द्वारा श्री नीलेश एम0 देसाई, निदेशक इसरो, अहमदाबाद जो Space Application Centre (SAC), ISRO, Ahmadabad में Director के पद पर कार्यरत हैं, श्री देसाई का चन्द्रयान–3 की लैंडिंग में महत्वपूर्ण योगदान है। इनके योगदान के कारण पूरे विश्व में भारत की ख्याति बड़ी है तथा पूरा विश्व भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। श्री देसाई अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं, को मानद उपाधि प्रदान (D.Sc) दिये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। (श्री नीलेश एम0 देसाई का बायोडाटा पृथक से संलग्न)**

**28वें दीक्षान्त समारोह में श्री आशुतोष शर्मा, जो वर्तमान में INSA के चयनित अध्यक्ष हैं तथा पूर्व में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST), भारत सरकार में सचिव के पद पर कार्यरत रहें, को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये जाने की संस्तुति की गई।**

22/9/2023

22/09/23

**इसके अतिरिक्त दीक्षांत समारोह 2023 (28वें) के प्रतीक चिह्न (LOGO) का अनुमोदन प्रदान किया।**

**परिषद द्वारा शासनादेश संख्या– 2508/सत्तर–3–2023 दिनांक 05 सितम्बर, 2023 के अनुपालन में अध्ययन समिति की कृत कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।"**

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से विद्या परिषद् द्वारा की गई उपर्युक्त संस्तुतियों का अनुमोदन प्रदान करते हुये विश्वविद्यालय का 28 वॉ दीक्षांत समारोह पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किये जाने हेतु अग्रिम शभुकामनायें दी।

अन्त में सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुईं

**(विनय कुमार सिंह)**
कुलसचिव

**(प्रो. मुकेश पाण्डेय)**
कुलपति



Scanned with OKEN Scanner